प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 19/2021)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा द्वारा ऑनलाइन उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

नई दिल्ली, 26 मार्च, 2021 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) द्वारा दिनांक 23 मार्च 2021 को अपने **क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद** के माध्यम से ऑनलाइन उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

2. भादूविप्रा के महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, भादूविप्रा देश के विभिन्न हिस्सों में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित करता है। कोविड–19 महामारी से उत्पन्न वर्तमान स्थिति में, ऐसे कार्यक्रम ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें उपभोक्ता अपने घर, दुकान या कार्यालय में बैठकर शामिल हो सकते हैं।

3. इस कार्यक्रम में आन्ध्र प्रदेश राज्य के दूरसंचार उपभोक्ताओं के अलावा, आन्ध्र प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में स्थानीय उपभोक्ता मंचों, भादूविप्रा में पंजीकृत उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूह (सीएजी) के प्रतिनिधियों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, सरकार के अधिकारियों, आन्ध्र प्रदेश के प्राइवेट संगठनों एवं विभिन्न इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया।

4. कार्यक्रम के दौरान, उपभोक्ताओं को दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न पहलुओं अर्थात टैरिफ, मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), डेटा सेवाओं, अनचाही वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, शिकायत निवारण तंत्र, के संबंध में उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित किया गया । उपभोक्ताओं को विभिन्न मोबाइल ऐप जैसे ट्राई माई–स्पीड ऐप, ट्राई माई–कॉल ऐप और डीएनडी 2.0 ऐप और उपभोक्ता इन ऐप/पोर्टल का लाभ कैसे उठा सकते हैं, के बारे में बताया गया, जो भादूविप्रा द्वारा उपभोक्ता सशक्तीकरण के लिए विकसित किए गए हैं, इसके साथ ट्राई एनालिटिक्स पोर्टल के बारे में भी बताया गया। उपभोक्ताओं को विभिन्न धोखाधड़ी जैसे टॉवर धोखाधड़ी, आईएसडी नंबरों से मिस्ड कॉल के बारे में और इनसे बचने के उपायों के बारे में भी बताया गया।

5. उपभोक्ताओं को प्रसारण एवं केबल टीवी विनियमों (दिनांक 01.01.2020) में हाल के संशोधनों एवं इनसे उपभोक्ता को मिलने वाले लाभों के बारे में बताया गया। इस संबंध में, भादूविप्रा द्वारा चैनल सलेक्टर ऐप पर तैयार किया गया वीडियो भी उपभोक्ताओं को दिखाया गया, जिससे उपभोक्ता अपना सब्सक्रिप्शन देख सकते हैं, चैनल जोड़/हटा सकते हैं और अपनी पसंद को इष्टतम बना सकते हैं।

6. इंटरैक्टिव सत्र के दौरान, श्री वी. एस. राजू, संयुक्त सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद द्वारा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए गए।

7. किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, श्री संजीव बंजाल, सलाहकार (सीए एवं आईटी), भादूविप्रा से टेलीफोन 011–23210990 या ईमेल आईडीः advisorit@trai.gov.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

26/3/2021

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा